# कार्यालय मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम टोंक आगार।

क्रमांकः– मु0प्र0/टोंक/सामा./2025/1236 दिनांक 17/7/25

## निविदा –सूचना

टोंक आगार में मुख्य प्रबंधक कार्यालय, कार्यशाला , कार्यशाला में बसों की एवं बस स्टैण्डो की साफ–सफाई कार्यो की 1 वर्ष के लिए निम्नानुसार निविदा जारी की जाती है:–

कार्यो का विवरण

(1)– मुख्य प्रबंधक कार्यालय , कार्यशाला परिसर कमरे एवं शोचालय सहित की साफ– सफाई का कार्य।

(2)– कार्याशाला में आगार की ऑफ होने वाली समस्त बसो की सम्पूर्ण साफ–सफाई एवं धुलाई कार्य।

(3) –केन्द्रिय बस स्टैण्ड टोंक के दोनो मेन गेट से लेकर शोचालय के पास नाले तक (सम्पूर्ण प्लेटफार्म एवं सम्पूर्ण बस स्टेण्ड परिसर ) में प्रतिदिन 3 बार झाडू लगाकर साफ–सफाई करना , बस स्टैण्ड परिसर में कमरो एवं बुकिंग घर/यात्री प्रतिक्षालय परिसर की फर्श पर प्रतिदिन 3 बार झाडू–पोछा ( 1 बार फिनाईल से 2 बार सादा पानी से पोछा ) सप्ताह में एक बार प्रत्येक प्लेटफार्म पर नालियों में डीडीटी का छिडकाव सहित सम्पूर्ण बस स्टेण्ड परिसर/ भवन की साफ–सफाई कार्य निगम मुख्यालय के कार्यालय आदेश एफ/84(2)/मु./श्रम/सामा. II / 2025/05 दिनांक 16.01.2025 के द्वारा जारी निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दर 7410/– रूपये प्रतिमाह (285/–रूपये प्रतिदिन) के अन्तर्गत 2 अकुशल श्रमिको द्वारा प्रतिदिन 8–8 घटें निगम कार्यालय द्वारा आवंटित समयानुसार कार्य ।

(4) निवाई बस स्टेण्ड के सम्पूर्ण परिसर पर प्रतिदिन 3 बार झाडू लगाकर साफ–सफाई करना , बस स्टैण्ड परिसर के कमरो एवं बुकिंग घर यात्री प्रतिक्षालय की फर्स पर प्रतिदिन 3 बार झाडू–पोछा ( 1 बार फिनाईल से 2 बार सादा पानी से पोछा ) सप्ताह में एक बार प्रत्येक प्लेटफार्म पर नालियों में डीडीटी का छिडकाव का कार्य ।

वार्षिक लागत/व्यय

| क्र0स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01 | मुख्य प्रबंधक कार्यालय , कार्यशाला टोंक आगार परिसर के कमरो एवं शोचालय सहित की सम्पूर्ण साफ– सफाई का कार्य। | 114000 /–रूपये वार्षिक |
| 02 | कार्याशाला में समस्त बसों की सम्पूर्ण साफ–सफाई एवं धुलाई कार्य। | 9/–रू0 साफ–सफाई प्रतिबस/प्रतिदिन<br>11/–रू0 धुलाई प्रतिबस/प्रतिदिन |
| 03 | केन्द्रिय बस स्टैण्ड टोंक की सम्पुर्ण साफ–सफाई का कार्य हेतु 2 अकुशल श्रमिक। | 177840/–रु0 वार्षिक प्रति (श्रमिक 7410 रूपये प्रतिमाह) |
| 04 | निवाई बस स्टेण्ड की साफ–सफाई का कार्य। | 36000/–रु. वार्षिक |

अनुमानित वार्षिक लागत से सबसे कम लागत की प्राप्त निविदा को सफल निविदा घोषित माना जावेगा।

1.निविदा फार्म राशि 200रू+ 18 प्रतिशत जीएसटी जमा कराकर दिनांक 21.07.2025 से आगार कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

2.निविदा के साथ धरोहर राशि की रसीद/ डीडी जो कि मुख्य प्रबंधक रा.रा.प.प.निगम टोंक के नाम देय हो. राशि 10000/रू –अक्षरे दस हजार रूपये संलग्न करनी होगी जिसका निगम द्वारा कोई ब्याज देय नही होगा। धरोहर राशि के अभाव में निविदा/प्रस्ताव स्वीकार्य नही होगें।

अतः इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म द्वारा अपनी निविदा/प्रस्ताव (दरो का उल्लेख करते हुए) दिनांक 29.07.2025 को 13..00 बजे तक निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा उसी दिन समय 15:00बजे आगारीय कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जावेगी। उक्त निविदा को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
(शर्ते संलग्न है)

मुख्य प्रबंधक,टोंक। o/c

क्रमांकः– 2236 दिनांक 17/07/2025

प्रतिलिपिं सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1.प्रबंधक (याता/संचा0/वित्त/प्रशा0) टोंक आगार।

2.नोटिस बोर्ड कार्यालय/कार्यशाला एवं सीबीएस टोंक आगार।

3.रक्षित पत्रावली।

मुख्य प्रबंधक,टोंक।

निविदा की नियम/ शर्ते निम्नानुसार है:-

1. उक्त निविदा की अवधि एक वर्ष के लिए मान्य होगी। सफल निविदादाता का कार्य सन्तोषप्रद होने पर आगारीय कमेटी द्वारा उक्त निविदा का समय–समय पर निगम नियमानुसार बढाया जा सकेगा।
2. आगारीय कमेटी द्वारा समय–समय पर निविदा में अंकित स्थलो का निरीक्षण किया जावेगा साफ–सफाई का कार्य संन्तोषप्रद नही पाये जाने पर 500 रूपये पेनल्टी वसूल की जावेगी। कार्य बार–बार संन्तोषप्रद नही पाये जाने पर अनुबंन्ध समाप्त कर धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
3. प्रतिमाह प्रबंधक (याता/संचालन) या सम्बधित स्थल के प्रभारी द्वारा साफ–सफाई कार्य का मुल्यांकन कर प्रमाण–पत्र जारी करने पर ही पर पारिश्रामिक राशि देय होगी।
4. साफ–सफाई में उपयोग आने वाली सम्पूर्ण सामान निविदादाताओ का होगा।
5. सफल निविदादाता द्वारा कार्य करने में असमर्थता जताने पर निगम कोष में जमा धरोहर राशि जप्त करली जायेगी। सफल निविदाता के स्थान किसी अन्य व्यक्ति/फर्म/संस्था को निविदा स्थानान्तरित नही की जावेगी।
6. सफल निविदादाता की किसी प्रकार की **PF/ESI** व अन्य कटोती आदि की समस्त जिम्मैदारी स्वयं की होगी।
7. उक्त कार्य के पूर्व निविदादाता जिनके विरूद्व कोई नोटिस या अन्य प्रकरण लम्बित होने या ब्लेकलिस्टेड होने पर वह उक्त निविदा में भाग नही ले सकेगा।
8. केन्द्रिय बस स्टैण्ड टोंक की सम्पूर्ण साफ–सफाई कार्य निगम मुख्यालय के कार्यालय आदेश एफ/84(2)/मु./श्रम/सामा. II / 2025/05 दिनांक 16.01.2025 के द्वारा जारी निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दर 7410/– रूपये प्रतिमाह (285/–रूपये प्रतिदिन) के अन्तर्गत 2 अकुशल श्रमिको द्वारा प्रतिदिन 8 घटें इस कार्यालय द्वारा आंवटित समयानुसार कार्य सम्पादित करना होगा।
9. सफल निविदादाता द्वारा 100रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर निविदा की शर्तो का उल्लेख कर नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित करवा कर प्रस्तुत करना होगा।
10. बिना किसी कारण के उक्त निविदा को समय से पूर्व रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकारी निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।
11. समय–समय पर निगम के निर्देशन में विशैष साफ–सफाई अभियान के अन्तर्गत कार्य भी निविदादाता द्वारा ही सम्पादित किया जायेगा।
12. निविदा कार्य में कोई वाद/प्रतिवाद उत्पन्न होने पर प्रथम सुनवाई/अपील अधिकारी श्रीमान जोनल मेनेजर महोदय कोटा जोन एवं द्वितीय सूनवाई/अपील अधिकारी श्रीमान कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) महोदय मुख्यालय जयपुर होगें अपीलीय अधिकारियों द्वारा पारित निर्णय दोनो पक्षो को मान्य होगा।

मुख्य प्रबंधक
टोंक आगार।

# निविदा फार्म

श्रीमान,
मुख्य प्रबंधक
राजस्थान परिवहन निगम
टोंक आगार।

विषयः– टोंक आगार द्वारा वर्ष 2025 में जारी निविदा के अन्तर्गत साफ–सफाई से सम्बधित कार्य का ठेका लेने बाबत।

निवेदन है कि मै ..........................................पुत्र श्री..........................................निवासी.................................. ..................................टोंक आगार में साफ–सफाई से सम्बधित निविदा में उल्लेखित कार्य निविदा/निगम शर्तो के अन्तर्गत निम्नाकिंत दरो पर कार्य करने करना चाहता हूँ।

1. मुख्य प्रबंधक कार्यालय , कार्यशाला परिसर कमरे एवं शोचालय सहित की साफ– सफाई कार्य करने की वार्षिक दर राशि....................................

2. कार्याशाला में समस्त बसों की सम्पूर्ण साफ–सफाई के कार्य की प्रतिबस दर राशिः–.................. एवं बस धुलाई कार्य प्रतिबस दर रूः– ....................................

3. केन्द्रिय बस स्टैण्ड टोंक की सम्पुर्ण साफ–सफाई का कार्य प्रति श्रमिक दर राशि–.....................

4. निवाई बस स्टेण्ड की सम्पूर्ण साफ–सफाई का कार्य की वार्षिक दर राशिः–.........................

मे यह धोषणा करता है कि :–मैने निविदा स्वीकृतिं हेतु कोई प्रार्थना–पत्र अन्य स्थान के लिये प्रस्तुत नही किया है। मुझें निगम व अन्य स्थान संस्था द्वारा सेवा से बर्खास्त /सेवामुक्ति/हटाया नही किया गया हैं मैने निविदा से सम्बधित शर्ते पढ ली तथा समझ ली है। और मै इन शर्तो को मानने की स्वीकृति देता हूँ।

जो भी निगम से समय–समय पर निर्देश/आदेश प्राप्त होगें उन्हे भी मानने के लिये मै बाध्य रहूगा।मेरी निविदा स्वीकृत होती है तो अनुबन्ध पत्र भरने को तैयार हूँ।

संलग्नः–दस्तावेजः–
1. आधार कार्ड/पेन कार्ड/बैक पासबुक।
2. पासपोर्ट साईज 2 फोटों
3.धरोहर राशि की रसीद/डीडी

भवदीय

हस्ताक्षर निविदादाता
(नाम,पता मोबाईल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण अंकित करे।)
...................................................................................
...................................................................................
...................................................................................